उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

पत्रांक– 80644/सावधि जमा/2017–18 **दिनांकः– 13-3-18**

समस्त शाखा प्रबन्धक
उ0प्र0सह0ग्राम विकास बैंक लि0,
उत्तर प्रदेश

बैंक द्वारा संचालित सावधि जमा योजना के सफल कियान्वयन हेतु समय–समय पर प्रधान कार्यालय स्तर से दिशा–निर्देश शाखाओ को निर्गत किये जाते रहे है। संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय शाखाओ द्वारा प्रधान कार्यालय से धनमॉग के पत्रानुसार सावधि जमा के भुगतान हेतु प्राप्त धनराशि का उपयोग सावधि जमा के भुगतान के मद मे न कर कतिपय धनराशि का उपयोग अन्य मदो मे किया जा रहा है, जो घोर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी मे आता है।

: प्रारूप : (धनराशि लाख में)

कम सं0	शाखा का नाम	शाखा पर दि0 01.04.2017 से 28.02.2018 तक कुल सावधि जमा धनराशि	प्र0का0 से सावधि जमा के भुगतान हेतु कुल धनमॉग की धनराशि	सावधि जमा भुगतान हेतु प्रधान कार्यालय से शाखा को प्राप्त कुल धनराशि	सावधि जमा मे किये गये भुगतान का विवरण			अन्य विवरण
					प्रधान कार्यालय से प्राप्त धनराशि से	शाखा की वसूली धनराशि से	कुल योग	

अतः समस्त शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 1.04.2017 से 28.02.2018 तक की सूचना उक्त प्रारूप पर जनपदीय शाखा को दिनांक 15.03.2018 तक भेजना सुनिश्चत करे। जनपदीय शाखाये मण्डलीय शाखा को प्रत्येक दशा मे जनपद की संकलित सूचना दिनांक 16.03.2018 तक तथा मण्डलीय शाखा मण्डल की संकलित सूचना सावधि जमा अनुभाग की मेल आई डी upsgvbfdidle@gmail.com पर दिनांक 17.03.2018 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करे।

(के0बी0 लाल)
सहा0महाप्रबन्धक(सावधि जमा)

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1.समस्त जनपदीय शाखा प्रबन्धक को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त प्रारूप पर जनपद की संकलित सूचना निर्धारित अवधि मे मण्डलीय शाखा को प्रेषित करना सुनिश्चित करे ।

2.समस्त मण्डलीय शाखा प्रबन्धक को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जनपदीय शाखाओ से प्राप्त सूचना संकलित कर दिनांक 17.03.2018 को प्रधान कार्यालय की मेल आई डी upsgvbfdidle@gmail.com पर प्रेषित करे ।

3.समस्त मण्डल प्रर्यवेक्षको को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचनाएं निर्धारित तिथि पर भेजने हेतु अपने स्तर से भी अनुश्रवण करने का कष्ट करे ।

4.निजी सचिव(प्रबन्ध निदेशक) उ0प्र0सह0ग्राम विकास बैंक लि0 के द्वारा प्रबन्ध निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ।

5.उपमहाप्रबन्धक (आई0टी0 सेल) को इस आशय से प्रेषित कि बैंक की समस्त शाखाओ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित कराने का कष्ट करे ।

सहा0महाप्रबन्धक(सावधि जमा)